**RNA : Real News Analysis**

# DAILY CURRENT AFFAIRS


**UPSC, STATE PCS, SSC, RAILWAY, BANKING, DEFENCE,**
**और अन्य सभी सरकारी परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण**









**DATE**
**जुलाई**
**29**
**2025**

Key Point

1. National News
2. International News
3. Govt. Mission, Apps
4. Awards & Honours
5. Sports News
6. Economic News
7. Newly Appointment
8. Defence News
9. Important Days
10. Technology News
11. Obituary News
12. Books & Authors



**By Ankit Avasthi Sir**

# भारत-यूके विजन 2035 / India-UK Vision 2035

**संदर्भ:**

भारतीय प्रधानमंत्री की लंदन यात्रा के दौरान **भारत–यूके विज़न 2035 रोडमैप** का अनावरण किया गया और **समग्र आर्थिक एवं व्यापार समझौते (CETA)** – एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) – को औपचारिक रूप दिया गया। इस ऐतिहासिक पहल का लक्ष्य **2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब डॉलर से ऊपर ले जाना** है, जिससे भारत-ब्रिटेन संबंधों को नई गति और गहराई मिलेगी।

**India–UK Vision 2035: प्रमुख विशेषताएं-**

**1. व्यापार और आर्थिक सहयोग:**

- **Comprehensive Economic and Trade Agreement (CETA)** केंद्र में है, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाना और नौकरियाँ उत्पन्न करना है।
- **Joint Economic and Trade Committee (JETCO)** इस समझौते के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी।
- **Bilateral Investment Treaty (BIT)** को आगे बढ़ाने की योजना है।

**2. प्रौद्योगिकी और नवाचार:**

- **Technology Security Initiative** के अंतर्गत अगली पीढ़ी की तकनीकों (AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, टेलीकॉम, क्रिटिकल मिनरल्स) पर संयुक्त अनुसंधान।

**3. रक्षा सहयोग:**

- **10 वर्षीय रक्षा औद्योगिक रोडमैप** पर सहमति जिसमें संयुक्त अनुसंधान और निर्माण शामिल है:
  - जेट इंजन तकनीक
  - समुद्री सुरक्षा
  - निर्देशित ऊर्जा हथियार
- **Indian Ocean Region** में UK भारत पर लॉजिस्टिक सहयोग हेतु निर्भर करेगा।
- **Indo-Pacific Oceans' Initiative (IPOI)** के तहत **Regional Maritime Security Centre of Excellence (RMSCE)** की स्थापना हेतु सहयोग।

**4. जलवायु और स्थिरता:**

- ग्रीन फाइनेंस को जुटाने, ऑफशोर विंड और न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी में सहयोग।
- ग्रीन गुड्स की संयुक्त सप्लाई चेन का निर्माण।
- **International Solar Alliance** और **Coalition for Disaster Resilient Infrastructure (CDRI)** जैसे मंचों के माध्यम से सहयोग।

**5. शिक्षा और कौशल:**

- UK भारत में विश्वविद्यालय परिसरों की स्थापना को प्रोत्साहित करेगा।
- **Mutual Recognition of Qualifications** पर जोर।
- **Green Skills Partnership** के जरिए जलवायु-आधारित रोजगार सृजन।

**6. वैश्विक शासन:** बहुपक्षीयता को बढ़ावा और **संयुक्त राष्ट्र, WTO, IMF, वर्ल्ड बैंक** जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधार हेतु साझा समर्थन।

**भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA): मुख्य विशेषताएँ**

**1. शुल्क-मुक्त बाज़ार पहुंच:**

- भारत को ब्रिटेन के बाज़ार में **99% उत्पादों पर शुल्क-मुक्त पहुंच** मिलेगी।
- इससे **श्रम-प्रधान क्षेत्रों** को विशेष लाभ होगा, जैसे: वस्त्र उद्योग (Textiles), चमड़ा (Leather), समुद्री उत्पाद (Marine Products), इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन, ऑटो पार्ट्स

**2. भारत द्वारा आयात शुल्क में कटौती:** भारत **90% टैरिफ लाइनों (Tariff Lines)** पर **शुल्क घटाएगा या समाप्त करेगा**, जो कि **ब्रिटेन से होने वाले 92% आयात** को कवर करता है। इसमें शामिल हैं: कारें, शराब जैसे हाई-वैल्यू उत्पाद

**3. इलेक्ट्रिक वाहनों पर राहत:**

- भारत **6वें वर्ष में ब्रिटिश इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क समाप्त** करेगा।
- **GBP 40,000 (लगभग ₹42 लाख) से कम कीमत के EVs** पर **कोई ड्यूटी नहीं** लगेगी।

**4. सेवाओं के क्षेत्र में अवसर**

- भारतीय पेशेवरों और कंपनियों को **IT, वित्तीय सेवाएं, शिक्षा** आदि क्षेत्रों में **बाजार तक बेहतर पहुंच** मिलेगी।
- **विसा प्रक्रियाओं को सरल** किया जाएगा, विशेष रूप से: इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, हॉस्पिटैलिटी

**5. डबल कॉन्ट्रिब्यूशन कन्वेंशन**

- इस व्यवस्था के तहत, **3 वर्षों तक भारतीय पेशेवरों और उनके नियोक्ताओं को ब्रिटेन में सामाजिक सुरक्षा योगदान से छूट** मिलेगी।
- इससे **भारतीय प्रतिभा की प्रतिस्पर्धात्मकता** बढ़ेगी।

**6. समावेशी और टिकाऊ विकास (Inclusive Growth)**

- इस समझौते से **महिलाओं, युवाओं, MSMEs, किसानों और नवप्रवर्तकों (Innovators)** को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं (Global Value Chains) में शामिल करने का अवसर मिलेगा।
- **सतत विकास** को बढ़ावा मिलेगा।

# भारत का वस्त्र उद्योग / India's textile industry

**संदर्भ:**

प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम **'मन की बात' के 124वें एपिसोड** में भारत के **टेक्सटाइल (वस्त्र) क्षेत्र** को देश की एक बड़ी ताकत के रूप में उजागर किया।

## भारत का वस्त्र उद्योग: एक व्यापक अवलोकन

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस – 10वीं वर्षगांठ

- प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि **3,000 से अधिक टेक्सटाइल स्टार्टअप्स** अब भारत में सक्रिय हैं।
- इनमें से कई स्टार्टअप्स भारत की **हथकरघा पहचान को वैश्विक स्तर** पर आगे बढ़ा रहे हैं।
- वर्ष 2025 में **राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की 10वीं वर्षगांठ** मनाई जा रही है।

## भारत का वस्त्र उद्योग: प्रमुख तथ्य

### योगदान (Contribution)

- **GDP में योगदान:** 2.3%
- **औद्योगिक उत्पादन में हिस्सेदारी:** 13%
- **कुल निर्यात में योगदान:** 12%

### निर्यात संरचना (Export Basket: 2023–24)

- कुल निर्यात: **US$ 34.4 बिलियन**
  - परिधान (Apparel): **42%**
  - कच्चा/अर्ध-निर्मित माल: **34%**
  - गैर-परिधान तैयार उत्पाद: **30%**

### रोजगार (Employment)

- कृषि के बाद **दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता**
- **सीधे 4.5 करोड़ (45 मिलियन) लोगों को रोजगार**
- **80% उत्पादन क्षमता** MSME क्लस्टर्स में केंद्रित

### भविष्य की दिशा:

- भारत का **वस्त्र बाजार वर्तमान में वैश्विक स्तर पर 5वें स्थान** पर है।
- सरकार का लक्ष्य: **अगले 5 वर्षों में 15–20% की वार्षिक वृद्धि दर** प्राप्त करना।

## भारत के वस्त्र क्षेत्र की प्रगति हेतु सरकारी पहलें

### 1. Make in India पहल

- वस्त्र निर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए **नीतिगत सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास**, और **प्रोत्साहन योजनाएं**।
- *मैन्युफैक्चरिंग बेस* को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाया गया।

### 2. PLI योजना:

- **कृत्रिम रेशे (MMF)** और **तकनीकी वस्त्रों** के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए।
- बड़े पैमाने पर टेक्सटाइल निर्माण इकाइयों को **वित्तीय प्रोत्साहन** प्रदान किया जाता है।

### 3. PM MITRA पार्क्स (Mega Integrated Textile Region and Apparel)

- पूरे मूल्य श्रृंखला (स्पिनिंग, वीविंग, प्रोसेसिंग, गारमेंटिंग, टेक्सटाइल मशीनरी आदि) के लिए **आधुनिक औद्योगिक बुनियादी ढांचे** का निर्माण।
- **वर्तमान स्थिति:** कुल **7 पार्क** स्थापित किए गए हैं:
  - गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना

### 4. ATUFS (Amended Technology Upgradation Fund Scheme):

टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन हेतु **पूंजी अनुदान (Capital Subsidy)** प्रदान की जाती है।

### 5. Samarth योजना:

- वस्त्र उद्योग के श्रमिकों को **कौशल प्रशिक्षण** देने हेतु।
- **Ministry of Skill Development & Entrepreneurship** के सहयोग से लागू।

### 6. Textile Cluster Development Scheme (TCDS)

- मौजूदा और संभावित टेक्सटाइल क्लस्टरों के लिए **एकीकृत कार्यक्षेत्र और लिंक्ड इकोसिस्टम** का निर्माण।
- उद्देश्य: **संचालनिक और वित्तीय स्थिरता** सुनिश्चित करना।

### 7. National Technical Textiles Mission (NTTM)

- तकनीकी वस्त्रों में भारत को **वैश्विक नेता** बनाने हेतु 4 फोकस क्षेत्र: अनुसंधान और नवाचार, प्रचार और बाज़ार विकास, शिक्षा और कौशल, निर्यात संवर्धन

### 8. कपड़ा मंत्रालय हेतु बजट आवंटन (2025–26)

- **₹5272 करोड़** का कुल बजट आवंटन।
- **2024–25 के बजटीय अनुमान की तुलना में 19% की वृद्धि।**

# हाइड्रोजन-चालित ट्रेन परियोजना / Hydrogen-powered train project

**संदर्भ:**

हाल ही में भारतीय रेल ने चेन्नई स्थित **इंटेग्रल कोच फैक्ट्री (ICF)** में अपने पहले **हाइड्रोजन संचालित कोच** का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण भारत को हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने और रेलवे को पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

**हाइड्रोजन-चालित ट्रेन परियोजना: प्रमुख तथ्य-**

**परियोजना का उद्देश्य:** भारतीय रेल के **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम** करने और **नवीकरणीय ऊर्जा** के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम।

**प्रमुख घटक (Components)**

- **1600 हॉर्सपावर (HP)** के दो पारंपरिक डीजल पॉवर कारों को **हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रैक्शन सिस्टम** में बदला जाएगा।
- **हाइड्रोजन फ्यूलिंग स्टेशन** की स्थापना: जिंद (हरियाणा) में।

**विकास और निर्माण**

- **विकासकर्ता:** Research Designs and Standards Organisation (RDSO)
- **निर्माता:** Integral Coach Factory (ICF), चेन्नई

**बजट और अवसंरचना**

- कुल बजट: **₹136 करोड़**
- **हाइड्रोजन फ्यूलिंग सुविधा:**
    - क्षमता: **3,000 किलोग्राम**
    - स्थान: जिंद, हरियाणा
    - संचालन: **Petroleum Explosives Safety Organisation (PESO)** के मानकों के अनुसार

**संचालन योजना (Operational Plan)**

- कुल कोच: **10 कोच**
- यात्री क्षमता: **2600 से अधिक**
- रूट: **जिंद से सोनीपत** के बीच दो राउंड ट्रिप (कुल दूरी: **356 किमी**)

**सुरक्षा व्यवस्था (Built-in Safety Systems)**

- **हाइड्रोजन की ज्वलनशीलता** को ध्यान में रखते हुए शामिल सुविधाएँ:
    - प्रेशर रिलीफ वाल्व
    - लीक और फ्लेम डिटेक्शन सेंसर
    - तापमान निगरानी प्रणाली
    - संगठित वेंटिलेशन सिस्टम

**हाइड्रोजन फ्यूल सेल आधारित ट्रैक्शन सिस्टम: एक परिचय**

**परिभाषा:** **Hydrogen Fuel Cell-based Traction System** एक ऐसी **प्रणोदन तकनीक** है जिसमें **हाइड्रोजन फ्यूल सेल** द्वारा उत्पन्न बिजली का उपयोग **इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन मोटर्स** को चलाने में किया जाता है।




**कार्यप्रणाली (Working Mechanism)**

1. **हाइड्रोजन फ्यूल सेल का संचालन**
    - हाइड्रोजन ($H_2$) और ऑक्सीजन ($O_2$) को मिलाकर **बिजली** उत्पन्न की जाती है।
    - **उत्पन्न उप-उत्पाद:** केवल **पानी और गर्मी**।
2. **बिजली का उपयोग**: यह बिजली **ट्रैक्शन कन्वर्टर और मोटर्स** को शक्ति देती है, जिससे ट्रेन आगे बढ़ती है।
3. **बैटरी सिस्टम**
    - **अतिरिक्त ऊर्जा** या **रेजनरेटिव ब्रेकिंग** के दौरान उत्पन्न ऊर्जा को संग्रहित करता है।
    - यह ऊर्जा **पीक लोड** की स्थिति में उपयोग की जाती है।

**विशेषताएं और लाभ (Features & Benefits)**

- **शून्य उत्सर्जन (Zero Emission):** केवल पानी और गर्मी निकलती है।
- **ऊर्जा दक्षता:** रेजेनरेटिव ब्रेकिंग से ऊर्जा की पुन: प्राप्ति।
- **कम ध्वनि प्रदूषण:** पारंपरिक डीज़ल इंजनों की तुलना में शांत संचालन।
- **सतत ऊर्जा समाधान:** नवीकरणीय स्रोतों से प्राप्त हाइड्रोजन का उपयोग संभव।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना / PM-VBRY

**संदर्भ:**

**प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना (PM-VBRY)** 1 अगस्त 2025 से प्रभाव में आएगी, जो मौजूदा **रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना (Employment Linked Incentive - ELI)** की जगह लेगी। यह नई योजना युवाओं को अधिक रोजगार अवसर प्रदान करने और संगठित क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (PM-VBRY)

### योजना का परिचय

- **PM-VBRY** एक प्रमुख **रोज़गार सृजन योजना** है जो *विकसित भारत* दृष्टिकोण के अनुरूप है।
- उद्देश्य: **सभी क्षेत्रों में समावेशी और सतत रोज़गार सृजन** को बढ़ावा देना, विशेष रूप से **उत्पादन क्षेत्र (Manufacturing Sector)** पर विशेष ध्यान।

### उद्देश्य (Objective)

- नियोक्ताओं (Employers) को **नए रोज़गार सृजन हेतु प्रोत्साहन** देना।
- **पहली बार कार्यबल में प्रवेश करने वाले** (First-time entrants) को सहयोग देना।
- **रोज़गार आधारित विकास** के माध्यम से आर्थिक वृद्धि को तेज करना।

### कार्यान्वयन मंत्रालय

- **नोडल मंत्रालय:** श्रम और रोजगार मंत्रालय (Ministry of Labour and Employment)

### लक्ष्य और वित्तीय प्रावधान

- **कुल बजटीय प्रावधान:** ₹99,446 करोड़
- **अवधि:** 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 (2 वर्ष)
- **रोज़गार सृजन लक्ष्य: 3.5 करोड़ से अधिक नए रोज़गार**
- **पहली बार कार्यबल में प्रवेश करने वाले लाभार्थी: 1.92 करोड़**

## योजना संरचना: प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना (PM-VBRY)

### भाग A – पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन

- **लक्ष्य समूह:**
  - EPFO-पंजीकृत प्रथम बार कार्य करने वाले कर्मचारी
  - जिनकी मासिक EPF वेतन **₹1 लाख या उससे कम** है।
- **प्रोत्साहन राशि:**
  - **एक महीने की EPF वेतन राशि (अधिकतम ₹15,000)** दो किस्तों में:
    - **1st किस्त:** 6 महीने की सेवा पूरी होने पर
    - **2nd किस्त:** 12 महीने की सेवा + वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने पर
- **बचत को बढ़ावा:**
  - राशि का एक भाग **बचत साधन (Savings Instrument)** में जमा किया जाएगा।
- **भुगतान प्रणाली:**
  - **Direct Benefit Transfer (DBT)** के माध्यम से
  - **Aadhaar Bridge Payment System (ABPS)** का उपयोग

### भाग B – नियोक्ताओं (Employers) को प्रोत्साहन

- **पात्रता मानदंड:**
  - EPFO-पंजीकृत फर्में जो नई भर्ती करें:
    - **कम से कम 2 कर्मचारी** (यदि कर्मचारियों की संख्या < 50)
    - **कम से कम 5 कर्मचारी** (यदि कर्मचारी ≥ 50)
    - न्यूनतम **6 महीने तक रोजगार**
- **प्रत्येक कर्मचारी के लिए मासिक प्रोत्साहन:**
  - EPF वेतन **≤ ₹10,000** : ₹1,000
  - EPF वेतन **₹10,001 – ₹20,000** : ₹2,000
  - EPF वेतन **₹20,001 – ₹1,00,000** : ₹3,000
- **विशेष बोनस – मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर:**
  - **3रे और 4थे वर्ष** तक अतिरिक्त प्रोत्साहन जारी रहेगा।
- **भुगतान प्रणाली:**
  - **PAN-लिंक्ड नियोक्ता खातों** में भुगतान किया जाएगा।

## बीमा सखी योजना / Bima Sakhi Scheme

**संदर्भ:**

हाल ही में 'बीमा सखी योजना' की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। यह पहल "2047 तक सबके लिए बीमा" मिशन के तहत शुरू की गई है, जो हर नागरिक तक बीमा सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**बीमा सखी योजना: ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल**

**उद्देश्य (Objective)**

- ग्रामीण और अर्ध-शहरी महिलाओं को **बीमा क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण और रोजगार** देकर सशक्त बनाना।
- **सामाजिक सुरक्षा** को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाना।

**कार्यान्वयन एजेंसियां (Implementing Bodies)**

- **ग्रामीण विकास मंत्रालय (Ministry of Rural Development)**
- **भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC)**
- योजना **राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)** का हिस्सा है।

**लक्षित समूह (Target Group)**

- **18 से 70 वर्ष की महिलाएं**, विशेष रूप से **स्वयं सहायता समूह (SHG)** की सदस्याएं।
- न्यूनतम शैक्षिक योग्यता: **दसवीं पास (Class X Pass)**

**प्रशिक्षण और भूमिका (Role & Training)**

- महिलाओं को **ग्राम पंचायत स्तर** पर **बीमा सखी** के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा।
- **प्रशिक्षण के बाद:**
  - **पहले वर्ष में वजीफा:** ₹7,000 प्रति माह
  - **दूसरे वर्ष में वजीफा:** ₹6,000 प्रति माह
  - **तीसरे वर्ष में वजीफा:** ₹5,000 प्रति माह
- प्रशिक्षण के उपरांत:
  - बीमा सखी **LIC एजेंट** के रूप में कार्य कर सकती हैं।
  - **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाएं** LIC में **Development Officer** बनने की पात्र हो सकती हैं।

**लक्ष्य (Mission Goal): 15 अगस्त 2025** तक **2 करोड़ 'लखपति दीदी'** तैयार करने का लक्ष्य।

## अल्ट्राफास्ट माइक्रोस्कोप / Ultrafast Microscope

**संदर्भ:**

कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित एक नई इमेजिंग तकनीक ने **दुनिया के सबसे तेज़ सिंगल-शॉट माइक्रोस्कोप** को संभव बनाया है, जो **आंग्स्ट्रॉम स्तर पर अणुओं की वास्तविक समय में गति** को देखने में सक्षम है। यह तकनीक वैज्ञानिक शोध और आणविक विज्ञान में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है।

**अल्ट्राफास्ट माइक्रोस्कोप: एक वैज्ञानिक नवाचार**

**माइक्रोस्कोप की विशेषताएँ (About the Microscope)**

- यह एक **ग़ैर-आक्रामक (Non-invasive)**, **सिंगल-शॉट माइक्रोस्कोप** है।
- **अल्ट्राफास्ट लेज़र पल्स** और **डिजिटल माइक्रोमिरर डिवाइस (DMD)** का उपयोग करता है।
- यह यह माप सकता है कि **कण (molecules) प्रकाश के साथ कैसे इंटरैक्ट करते हैं**, और **ब्राउनीयन गति** के आधार पर उनके आकार का अनुमान लगाता है।

**प्रमुख क्षमताएँ**

- **सैकड़ों अरब फ्रेम प्रति सेकंड** की दर से फिल्मांकन (imaging) करने में सक्षम।
- **वाइड-फील्ड इमेजिंग** प्रदान करता है।
- **सैंपल की तैयारी से होने वाले नुकसान से बचाता है।**
- **प्रयोग किए गए नमूने:** फ्लोरेसिन-डेक्सट्रान और अशांत गैसीय स्थितियाँ।

**अनुप्रयोग क्षेत्र (Applications)**

- बायोमेडिकल रिसर्च
- दवा विकास (Drug Development)
- रोग की शीघ्र पहचान (Disease Detection)
- नैनो टेक्नोलॉजी में नई संभावनाएँ

**ब्राउनीयन गति क्या है? (What is Brownian Motion?)**

- **परिभाषा:** किसी तरल या गैस में उपस्थित **सूक्ष्म कणों की यादृच्छिक (random) गति** को ब्राउनीयन गति कहा जाता है।
- **वैज्ञानिक व्याख्या:** अल्बर्ट आइंस्टीन ने इसे **1905** में सिद्ध किया।
- **कारण:** यह गति तरल या गैस में मौजूद अणुओं द्वारा लगातार टकराने से उत्पन्न होती है, जो कणों को इधर-उधर धकेलते हैं।

## एक्सरसाइज़ बोल्ड कुरुक्षेत्र / Exercise Bold Kurukshetra

**संदर्भ:**

**एक्सरसाइज़ बोल्ड कुरुक्षेत्र** के 14वें संस्करण की शुरुआत जोधपुर में हुई, जिसका उद्देश्य **भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय सैन्य सहयोग** को और अधिक मजबूत बनाना है। यह संयुक्त युद्धाभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच **आपसी तालमेल, संचालन क्षमता और रणनीतिक समझ** को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### भारत–सिंगापुर संयुक्त सैन्य अभ्यास

#### अभ्यास का परिचय

- **Exercise Bold Kurukshetra** भारत की थलसेना और **सिंगापुर की सशस्त्र सेनाओं (SAF)** के बीच होने वाला एक **संयुक्त सैन्य अभ्यास** है।
- इसका उद्देश्य **सामरिक सहयोग बढ़ाना**, **संचालनात्मक तत्परता** और **युद्ध प्रक्रियाओं की आपसी समझ** को मजबूत करना है।

#### प्रतिभागी इकाइयाँ

- **भारत:** Mechanised Infantry Regiment (यंत्रीकृत इन्फैंट्री रेजिमेंट)
- **सिंगापुर:** 42 Singapore Armoured Regiment, 4 Singapore Armoured Brigade

#### प्रमुख उद्देश्य

- **इंटरऑपरेबिलिटी (Interoperability)** बढ़ाना
- **ऑपरेशनल रेडीनेस** को सुधारना
- **मशीनीकृत युद्ध प्रक्रियाओं** का संयुक्त प्रशिक्षण और मान्यता
- **द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को गहरा करना**

#### अभ्यास का प्रारूप

- **Table Top Exercise (TTX)**: रणनीतिक स्तर पर योजना व विश्लेषण
- **Computer-Based Wargame (CBW)**: सिमुलेटेड युद्ध परिदृश्यों के माध्यम से प्रशिक्षण
- **संयुक्त राष्ट्र (UN) के जनादेश** के तहत मशीनीकृत युद्ध पर केंद्रित

#### समापन गतिविधि

- अभ्यास का समापन **भारतीय सेना द्वारा उपकरणों की प्रदर्शनी** के साथ होगा।

## क्योटो प्रोटोकॉल / Kyoto Protocol

**संदर्भ:**

Vijai Sharma, जो भारत के प्रमुख पर्यावरण सचिव और पूर्व सूचना आयुक्त थे, **'क्योटो प्रोटोकॉल'** के प्रमुख वास्तुकार और देश के पूर्व मुख्य जलवायु वार्ताकार के रूप में विख्यात रहे, का निधन हो गया है। उन्होंने **विश्व स्तर पर जलवायु परिवर्तन वार्ताओं में भारत और अन्य विकासशील देशों के हितों की दृढ़ता से रक्षा की।**

### क्योटो प्रोटोकॉल: जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संधि

**परिभाषा:** क्योटो प्रोटोकॉल संयुक्त राष्ट्र की *UNFCCC (United Nations Framework Convention on Climate Change)* के अंतर्गत 1997 में अपनाई गई एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैसों (GHGs) के उत्सर्जन को कम करना है।

**प्रवर्तन तिथि:** 2005 में यह संधि प्रभाव में आई।

**प्रमुख उद्देश्य:** वैश्विक तापमान वृद्धि (Global Warming) से निपटने के लिए विकसित देशों पर GHGs उत्सर्जन में कटौती के लिए *कानूनी रूप से बाध्यकारी लक्ष्य* लागू करना।

#### लक्ष्य और अवधि:


- **प्रथम प्रतिबद्धता अवधि (2008–2012):** 1990 के स्तर की तुलना में औसतन 5.2% उत्सर्जन कटौती का लक्ष्य।
- **द्वितीय प्रतिबद्धता अवधि (2013–2020):** *दोहा संशोधन (Doha Amendment)* के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसे अमेरिका, कनाडा जैसे कई देशों ने अनुमोदित नहीं किया।

#### अनिवार्य और गैर-अनिवार्य पक्षकार:


- **अनुलग्नक-1 (Annex I) देश**: विकसित देशों को कानूनी रूप से GHGs कटौती के लिए बाध्य किया गया।
- **अनुलग्नक-1 में शामिल नहीं**: विकासशील देश जैसे भारत और चीन को कानूनी बाध्यता से छूट दी गई थी।

#### शामिल ग्रीनहाउस गैसें (GHGs):

1. कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)मीथेन ($CH_4$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), हाइड्रोफ्लोरोकार्बन्स (HFCs), परफ्लोरोकार्बन्स (PFCs), सल्फर हेक्साफ्लोराइड ($SF_6$)


SCIENCE BOOK
FREE
बुक की ख़रीद पर पाएं
100%
CASHBACK
Pathshala
Latest Edition
सामान्य अध्ययन
(General Studies)
जनरल साइंस &
टेक्नोलॉजी
एक दिवसीय
परीक्षाओं के लिए
I'M
Possible
Ankit Kumar Avasthi
BUY NOW FROM
APNI PATHSHALA APP.
पहले 7 दिन की बुकिंग पर बुक बिलकुल फ्री


GS FOUNDATION For
UPSC & STATE PSC
ECONOMY
POLITY
HISTORY
GEOGRPHY
1500X4
₹ 6000/-
₹4500/-
DAILY LIVE CLASSES
WEEKLY TEST
CLASSES PDF (HINDI+ENGLISH)
LIVE DOUBT SESSIONS
DAILY PRACTICE PROBLEM
COURSE VALIDITY
1 YEAR


GS FOUNDATION For
UPSC & STATE PSC
IF ANYONE INTRESTED IN ONLY
HISTORY
FEE
₹ 2000/-
₹1499/-
DAILY LIVE CLASSES
WEEKLY TEST
CLASSES PDF (HINDI+ENGLISH)
LIVE DOUBT SESSIONS
DAILY PRACTICE PROBLEM
COURSE VALIDITY
1 YEAR



GS FOUNDATION For
UPSC & STATE PSC
IF ANYONE INTRESTED IN ONLY
ECONOMY
FEE
₹ 2000/-
₹1499/-
DAILY LIVE CLASSES
WEEKLY TEST
CLASSES PDF (HINDI+ENGLISH)
LIVE DOUBT SESSIONS
DAILY PRACTICE PROBLEM
COURSE VALIDITY
1 YEAR



जानिए
भारतीय संविधान
CONSTITUTION
OF
INDIA
मात्र
1499/-Year
Enroll Now !
1 year
validity


GS FOUNDATION
Hand Written Notes
Pathshala
BEST OFFER
1999Rs
4 पुस्तकों का
सम्पूर्ण सेट
अधिक जानकारी के लिए दिए
गए नंबर पर संपर्क करें....
7878158882
Bilingual
By Ankit Avasthi Sir


UPSC, STATE PCS, SSC, RAILWAY, BANKING, DEFENCE,
और अन्य सभी सरकारी परीक्षाओं के लिए अति महत्वपूर्ण
RNA : Real News Analysis
MONTHLY CURRENT AFFAIRS
UPSC, STATE PCS, SSC, RAILWAY, BANKING, DEFENCE,
MONTH
जनवरी, 2025
By Ankit Avasthi Sir
MONTHLY MAGAZINE
FREE!
अधिक जानकारी के लिए दिए गए
नंबर पर संपर्क करें....
7878158882
Billingual
ANKIT AVASTHI SIR


RAS FOUNDATION
HAND WRITTEN NOTES
अधिक जानकारी के लिए दिए गए नंबर पर संपर्क करें....
7878158882
BEST OFFER
4500 Rs
By Ankit Avasthi Sir


FUNDAMENTALS OF
STOCK MARKET
LEARN HOW TO TRADE
BBK
COUPON CODE
ANKIT500
Course fee
₹1999/-
Course fee
₹1499/-
Special
OFFER ON
Father's
DAY
INVESTMENT की करो जीरो से शुरुआत


FOUNDATION COURSE OF
MUTUAL FUND
COUPON CODE
ANKIT500
Invest in Knowledge
Grow Your Wealth
Course fee
₹1999/-
Course fee
₹1499/-
Special
OFFER ON
Father's
DAY
एक निवेश समझदारी से..
Course Validity
1 YEAR


नई संस्करण
जी.ए फाउंडेशन
हैंडरिटन नोट्स
लॉन्च हो चुके हैं..
अभी खरीदें -
1999/-
(नियम और शर्तें लागू)
और पाएं साइंस की बुक फ्री (7 दिन तक)
भूगोल-I
भूगोल-II
इतिहास-I
इतिहास-II
अर्थव्यवस्था
भारतीय राजव्यवस्था
जनरल साइंस & टेक्नोलॉजी
Pathshala


CALL
CENTRE
7878158882
HOW MAY I HELP YOU
AnkitInspiresIndia
Download "Apni Pathshsla" app now!
Follow us: